ओ३म्

पतंजलि योगपीठ (ट्रस्ट)
Patanjali YogPeeth (Trust)

क्रमांक .... दिनांक : 20.07.13

Sl. No. .... Dated : ....

प्रेस विज्ञप्ति

<u>कीनिया का प्रतिनिधि मंडल 'पतंजलि योगपीठ' में</u>

कीनिया में 'पतंजलि फूड पार्क' की तरह फूड पार्क बनाने की सहमति- आचार्य बालकृष्ण

- **पतंजलि योगपीठ 'नालेज पार्टनर' की भूमिका में**
- **फीनिश प्रोडक्ट के मार्केटिंग में भी सहयोग**

हरिद्वार, 20 जुलाई। 'पतंजलि योगपीठ' की वैश्विक स्तर पर बढ़ती साख से प्रभावित होकर विदेश के लोग 'पतंजलि योगपीठ' से जुड़ने को आतुर हैं। आज कीनिया के विदेश मंत्री मि. डेविड ओकेओ और अमेरिका के कन्सलटेन्ट मि. जेरी ओकोको ने 'पतंजलि योगपीठ' में आचार्य बालकृष्ण से मुलाकात कर, कीनिया में पतंजलि फूड पार्क के नक्शे कदम पर कीनिया में फूड पार्क स्थापित करने और 'नालेज पार्टनर' के रूप में काम करने का प्रस्ताव रखा। आचार्य श्री ने उन्हें 'फूड पार्क' बनाने में 'नालेज पार्टनर' के रूप में सहयोग देने की स्वीकृति दे दी है।

प्रतिनिधि मंडल ने पतंजलि योगपीठ के सभी प्रकल्पों का बखूबी अवलोकन किया। कीनिया के कृषि मंत्री मि. डेविड और अमेरिका के कन्सलटेन्ट मि. जेरी पदार्था हर्बल फूड पार्क को देखकर आश्चर्यचकित हो गये। उन्होंने आचार्यश्री से कहा कि ऐसा फूड पार्क मुझे कीनिया में बनाने को मदद करो।

कृषि मंत्री ने आचार्यश्री को बताया कि कीनिया में निम्न आय वर्ग के लोगों की संख्या अत्यधिक है। बेकार युवा वर्ग के लोगों को भी रोजगार देने के लिए ऐसे फूड पार्क की आश्यकता है क्योंकि हमारे यहां फूड्स, वेजिटेबल्स और औषधिय जड़ी-बूटियों का उत्पाद बड़े स्तर पर होता है। सही ढंग से प्रोसेसिंग (प्रसंस्करण) न होने के कारण कृषि उत्पाद तथा जड़ी-बूटियां बेकार हो जाती हैं। कृषि मंत्री ने बताया कि 'फूड पार्क' के लिए मैंने (होबामे राज्य में) जमीन भी उपलब्ध करा दी है। 'होबामे' अमेरिकन प्रेसिडेन्ट बराक ओबामा की पैतृक जन्मभूमि है। मि. जेरी ओकोको, बराक ओबामा के रिश्तेदार हैं। बराक ओबामा की मदद एवं इन्डो, यू.एस. अनुदान की भी कोशिश की जायेगी।

आचार्य बालकृष्ण महाराज ने कृषि को फूड पार्क बनाने में 'नालेज पार्टनर' के रूप में सहयोग देने की स्वीकृति देते हुए कहा कि मैं कीनिया के कच्चे माल, उनके उत्पादित फिनिश प्रोडक्ट की मार्केटिंग करने के लिए भी सहयोग करूंगा।

कीनिया पहुंचने पर मंत्रीजी अपने देश में उत्पादित वस्तुओं की सूची उपलब्ध करायेंगे। इसके पश्चात 'पतंजलि योगपीठ' की टीम कीनिया जाकर उनकी फेसिलिटीज को देखेगी और 'फूड पार्क' बनाने की रूपरेखा तैयार करेगी। इस रूप में 'पतंजलि योगपीठ' कन्सल्टेन्सी के रूप में काम करेगी। सफलता पूर्वक बातचीत से प्रतिनिधि मंडल के लोग बहुत खुश हुए। आचार्यश्री और 'पतंजलि योगपीठ' के सहयोग का आभार व्यक्त किया।

सम्पर्क कार्यालय : महर्षि दयानन्द ग्राम, दिल्ली-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग, निकट बहादराबाद, हरिद्वार-249402, उत्तराखण्ड (भारत)
Contact Office : Maharishi Dayanand Gram, Delhi-Haridwar National Highway, Near Bahadrabad, Haridwar-249402, Uttarakhand (India)
Tel. : 01334 - 240008, 246737, 248888, 248999 Fax : 01334 - 244805, 240664 E-mail : divyayoga@rediffmail.com, Info@divyayoga.com Web : www.divyayoga.com